>

Title: Need to take steps to control soil erosion on the bank of Yamuna river in Saharan pur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री जगदीश सिंह राणा (सहारनपुर): सभापति जी, मैं सदन के माध्यम से आपके संज्ञान में लाना चाहूंगा कि मेरे संसदीय क्षेत्र सहारनपुर, उत्तर प्रदेश में जनपद सहारनपुर के विधान सभा क्षेत्र बेहट में यमुना नदी के कटान से गांव ननिहारी, जोधेवास, कांसेपुर, ननदपुर जोड़ियों, खेडी, खेरी, कस्बागढ़, बरथाकोसी, असलमपुर, बरथा आदि दर्जनों गांवों का अस्तित्व खतरे में बना हुआ है। बरसात में यमुना नदी द्वारा कटान से कई गांवों का अस्तित्व खतरे में आ चुका है। बरसात में यमुना नदी द्वारा कटान की वजह से उक्त गांव के लोग भयभीत रहते हैं। पूर्व में भी केन्द्र व राज्य सरकारें कई प्रयास कर चुकी हैं, जो असफल रहे हैं।

मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली बेहट विधान सभा का अधिकांष हिस्सा पर्वतीय क्षेत्र से लगा हुआ है। बेहट विधान सभा क्षेत्र में सोलानी, हिण्डन, चाचाराव, मसकरा, नागादेव, ड़मौला आदि दर्जनों छोटी बड़ी नदियां बहती हैं। बरसात होने के कारण इन नदियों का बहाव बहुत तेज होता है, जिसके कारण इन नदियों के आसपास के सैंकड़ों से भी अधिक गांव कटान की चपेट में आ जाते हैं। जिससे जानमाल की हानि तो होती ही है, साथ ही साथ तैयार फसलें भी पूरी तरह नष्ट हो जाती हैं। पूरे के पूरे गांव पूरी तरह से बर्बाद हो जाते हैं।

अतः मैं सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि उपरोक्त गांवों को बचाने के लिए अविलम्ब तत्काल प्रभाव से आर्थिक सहयोग देकर पत्थरों की ठोकर व बन्धों का निर्माण कराएं, जिससे जनहित में उपरोक्त गांवों के अस्तित्व को बचाया जा सके।